

## एक नजर में

### गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत गीता पाठ

**महिदपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश पालन में गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 1 से 3 दिसंबर तक किया जाना है। उक्त अनुक्रम में 1 दिसंबर को स्थानीय गोपाल मंदिर, गांधी मार्ग पर श्रीमद्भागवदगीता के 15वें अध्याय पुरुषोत्तम योग का आचार्यों की सन्निधि में सामूहिक सस्वर पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका द्वारा गीता पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा पार्षद उमा पाण्डे, पार्षद आशा राठौर, पार्षद जगदीश राठौड़, महेश जोशी, शरद परमार, श्यामसुंदर ग्रोवर, गिरीश शर्मा, उषा जोशी, संजय जोशी एवं गीता प्रेमी, नगरपालिका कर्मी उपस्थित थे। उपस्थितों द्वारा गीता आरती कर प्रसादी का लाभ लिया गया। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा उपस्थितों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी नवीन मिश्रा द्वारा दी गई है।

### 111 वर्ष की आयु में श्रीमती कौशल्या देवी का निधन



**महिदपुर।** अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर के पितृ पुरुष ठाकुर पर्वत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी 111 वर्ष की उम्र में रविवार 30 नवम्बर को ब्रह्ममलिन हुई। डॉ. रमन सोलंकी ने बताया कि माता कौशल्या देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई है। आप धार्मिक काव्य गोष्ठियों को सुनना और उनको प्रोत्साहित करना यह उनकी दिनचर्या में था।

### शिक्षक परमार को सेवा निवृत्त पर विदाई



**महिदपुर।** 29 नवंबर को शासकीय माध्यमिक विद्यालय नारायणा में शिक्षक हरलाल परमार का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे एवं विशेष अतिथि जनपद प्रतिनिधि बहादुरसिंह पंवार तथा जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा थे। जनशिक्षा केंद्र नारायणा के सभी शिक्षक एवं सभी छात्र छात्राओं ने मिलकर ढोल धमाके के साथ शिक्षक परमार सर को विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक बाबूलाल आसोडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम सरपंच भगवानसिंह गोयल, उपसरपंच गोपीलाल आंजना की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर, रमेशचन्द्र देवड़ा, विजय कुमार सूर्यवंशी, जनशिक्षक ताराचंद परिहार एवं असलम कुरैशी, संजय कुमार त्रिवेदी, मोहनलाल परमार, रामसिंह हिरोड़, मयुर उपाध्याय उपस्थित थे। अंत में आभार शिक्षक नवीन चैहान एवं मनोज सोनी ने माना। उक्त जानकारी अमृतलाल राठौर द्वारा दी गई।

### 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ का सम्मान



**घट्टिया।** मतदाता सूची को लेकर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत घट्टिया सर्कल क्रमांक 17 के 10 बूथ लेवल ऑफिसर में से मतदान केंद्र क्रमांक 153 व मतदान केंद्र क्रमांक 154 के मतदाताओं के एसआईआर पूर्ण कर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बूथ ऋमांक 153 की बीएलओ श्रीमती प्रेमकुंवर पंवार व सहयोगी जयवंता बुआ व मतदान केंद्र 154 के बीएलओ सलाम मंसूरी व सहयोगी मनीष सुनहरिया का सम्मान किया। बीएलओ पंवार व मंसूरी ने पूरी योजना और तरीके से पूरी प्लानिंग कर दिन रात मेहनत कर लगातार मतदाताओं से संपर्क कर 10 बीएलओ में 100 प्रतिशत कार्य सबसे पहले पूर्ण किया।

### चैंपियनशिप में उज्जैन की महिला टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**उज्जैन।** 47वीं स्टेट सीनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में उज्जैन की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। टीम कोच राखी चौहान ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हार्डलाइन मैच में देवास को हराकर उज्जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उज्जैन सॉफ्टबॉल संघ से समीर किल्लेदार और खेल विभाग से ओ पी हारोड ने खिलाड़ियों को बधाई दी और छात्र के भविष्य की कामना की।

### महाआरती एवं पौधारोपण किया गया



**उज्जैन।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के पांचवें धाम खाक चौक में सूरज अंबोलिया का जन्मदिन समारोह बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु महाराज की महा आरती से हुई। इसके बाद समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। पौधारोपण करते हुए सभी ने यह संदेश भी दिया कि हर व्यक्ति को अपने शुभ और खुशियों भरे कार्यक्रमों में कम से कम एक पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को संवरने और सुरक्षित रखने में हम सभी अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद भगवान खांडेकर, कमल कौशल, पवन यादव, राजू चौहान, जितेंद्र डांगरे, संजू कुशवाहा, गोलू पांचाल, विजय चौहान, अब बामनिया, विक्की मालवीय, हेमंत अंबोलिया, रवि पांचाल, रवि मालवी सहित रविदास समाज की युवा टीम ने उपस्थित होकर सूरज अंबोलिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम की जानकारी रविदास सेवक संघ के अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी खलीफा ने दी।

## नागदा के अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय मंच पर बजाया सफलता का सुर

**▸ मुम्बई में आयोजित आईएफपी 50-घंटे म्यूजिक चैलेंज में फोक फ्यूज़न श्रेणी के टॉप 10 में स्थान हासिल किया**





**नागदा।** शहर के युवा संगीतकार अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय स्तर पर नागदा का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित आईएफपी (इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट) 50-घंटे म्यूजिक चैलेंज 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अभिषेक के द्वारा बनाए गए गीत ने प्रतियोगिता में शामिल 900 गीतों में से फोक फ्यूज़न श्रेणी के टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया।

मुंबई में आयोजित आईएफपी देश का सबसे बड़ा क्रिएटिव फेस्टिवल माना जाता है, जहां संगीत, फिल्म, कला, डिजाइन और स्टोरीटेलिंग जैसे क्षेत्रों के हजारों प्रतिभागी अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय देते हैं। इस चैलेंज में मात्र 50 घंटे में गीत-लेखन, संगीत-सृजन, गायन और मिक्स-मास्टरिंग सहित एक पूर्ण गीत तैयार करना होता है। अभिषेक ने बताया कि उन्हें इस प्रतियोगिता की जानकारी इंस्टाग्राम के एक विज्ञापन के माध्यम से मिली, और नई चुनौती को स्वीकारते हुए उन्होंने अकेले ही गीत के सभी चरण पूरे किए।

सीमित समय में तैयार किया गया उनका यह फोक फ्यूज़न गीत जूरी को प्रभावित करने में सफल रहा। जूरी में प्रसिद्ध गायिका प्रिया सरैया (लोकप्रिय गीत सुन साथिया की गायिका), सुप्रसिद्ध गायक के. हरिहरन तथा उनके पुत्र अक्षय हरिहरन शामिल थे। कठोर समीक्षा के बाद, सभी श्रेणियों में श्रेष्ठ 10 कलाकारों को मंच पर सम्मानित किया गया। अभिषेक के लिए देश के दिग्गज कलाकारों से सम्मान प्राप्त करना बेहद गौरवपूर्ण क्षण रहा।

अभिषेक कहते हैं यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं है, मेरे परिवार और नागदा जैसे छोटे शहर के लिए गर्व का क्षण है। बड़े मंच पर देश के स्थापित संगीतकारों की सराहना मिलना किसी सपने से कम नहीं। अभिषेक की यह सफलता न केवल उनके संगीत-सफ़र में एक मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि छोटे शहरों के उन युवाओं के लिए प्रेरणा भी बनेगी जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं। जानकारी नगर के सामाजिक युवा संस्कार परिवार संयोजक निलेश मेहता द्वारा दी गयी।



### नारायणा धाम में मना गीता जयंती महोत्सव

**महिदपुर।** प्रदेश में सहित महिदपुर के समीपस्थ ग्राम नारायणा में गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं भारी संख्या में सहभागिता की। अंतरसिंह आंजना एडव्होकेट ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार कृष्ण सुदामा की नगरी नारायणा धाम में गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया जाता है कि आज ही के दिन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन का उपदेश दिए थे। केसर सिंह पटेल ने बताया कि नारायणाधाम श्रीकृष्ण सुदामा की मित्र का प्रतीक है और यह विश्व मात्र एक ही धार्मिक स्थल है। हीरालाल आंजना ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देता हूं कि क्योंकि उनकी प्रेरणा से ही संपूर्ण मध्यप्रदेश में गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वहीं महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन की बहुत अनुकरणीय पहल है गीता जयंती महोत्सव का आयोजन। इस दौरान आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ठंड बढ़ते ही नपा नागदा ने बदला जलप्रदाय समय

**नागदा।** नगर पालिका परिषद नागदा ने सभी जल उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए बताया है कि शीत ऋतु की शुरुआत और तापमान में गिरावट को देखते हुए शहर में जलप्रदाय का समय अब 3 दिसंबर 2025 से एक घंटे देरी से किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जो जलप्रदाय समय वर्तमान में लागू है, उसे अब एक घंटे आगे बढ़ाकर संचालित किया जाएगा। यह परिवर्तन नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि ठंड के कारण सुबह की असुविधा से लोगों को राहत मिल सके। नगर पालिका ने बताया कि इस संबंध में सभी संबंधित विभागों—अध्यक्ष, सहायक जलकार्य शाखा, उपयंत्री को निर्देशित कर मुनादी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 1 और 2 दिसंबर को नगर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से भी इसकी मुनादी करवाई जाएगी।

## भजन कीर्तन के साथ किया गेहूं वितरण




**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के तत्वावधान में उज्जैन नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को प्रतिमाह प्रति बुजुर्ग को 10 किलो गेहूं वितरण किए जाते हैं इसी कड़ी में 1 दिसंबर को माह का गेहूं वितरण किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि गेहूं वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव अध्यक्ष प्रेस क्लब एवं प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन, समाजसेवी प्रतिभा अग्निहोत्री थे। श्रीमती अग्निहोत्री के द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण सभी बुजुर्गों को किया गया।

इस दौरान उज्जैन प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर नंदकिशोर यादव एवं कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन का सम्मान मंच के वरिष्ठ लीलाधर आड़तिया, शिवनारायण जागीरदार, मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पंडित संतोष शर्मा, महेंद्र रामी, किशन भाटी, ओम आरोड़, मूलचंद राठौर, रितेश वर्मा, अनिल लश्करी, मंच कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, हरिनारायण परमार, रविंद्र पोरवाल, निलेश नागर, गणपत राणा, लायंस क्लब महाकाल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गिल सहित युवा मंच महिला सत्संग समिति उज्जैन की संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष पिंकी यादव, सचिव लक्ष्मी लश्करी ने अभिनंदन किया। मंच कार्यालय हिरदेश्वर महादेव मंदिर पंचकोशी यात्रा का प्रथम अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास आयोजित कार्यक्रम में 1000 रुपए कल्पना कातरे ने, 500 रुपये पारस कुमार जैन के द्वारा गेहूं वितरण के लिए नगद प्रदान किये। सभी हितग्राहियों को समाजसेवी महेंद्र कटियार द्वारा आंखों के ड्रॉप वितरण किये गये। सभी दानदाता एवं अतिथिगण का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।


## बौद्ध विरासत के संरक्षण पर शोधपत्र प्रस्तुत



**उज्जैन। नई दिल्ली के जनपथ पर स्थित डॉ. अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र पर 28 से 30 नवम्बर तक ग्रामीण बौद्ध विरासत का संरक्षण विषय पर तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।**

संगोष्ठी का विधिवत उदघाटन हरियाणा सरकार के पूर्व प्रशासक एसके मिश्रा ने किया और ग्रामीण बौद्ध विरासतों के शीघ्र संरक्षण की आवश्यकता बताई। उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी के संरक्षक एवं विपश्यना साधना गुरु भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने मध्य भारत में कम जानकारी वाले स्थान गुजर्रा शिलालेख जो दतिया जिले में स्थित है और ऐतिहासिक प्रमाण के तहत सम्राट अशोक ने उत्तर से दक्षिण की भारत यात्रा के समय तीन दिन पढाव डाला था। ललितपुर देवगढ, की बौद्ध गुफायें एवं मूर्तियों जो धजग्ग सुत्त पर साधना की गहराई को दर्शाती हैं। साथ ही भरहुत, सुनदर्शी, सोढन, उन्डासा की विरासत का वर्णन किया। डॉ. हरी बाबू कटारिया, संयुक्त मंत्री डॉ. विनोद सेवरिया ने उज्जैन और आस-पास के क्षेत्रों में फैली बौद्ध विरासत वैश्य टेकरी स्तूप आदि पर विशाखा संगठन के मंत्री डॉ. प्रेमराज खनखने एवं जबलपुर के दोमा राव खातरकर ने मध्य प्रदेश की बौद्ध विरासतों सम्राट अशोक के शिलालेख और उन स्थानों के संरक्षण में किये गये कार्य को इस मंच पर प्रस्तुत किया। दिल्ली के विजय वीर सिंह एवं डॉ. हरी बाबू कटारिया ने संयुक्त रूप से ब्रज क्षेत्र की बौद्ध विरासतों मथुरा, अतरंजीखेडा, सासनी आदि पर सिवी जातक का वर्णन करते हुये अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। चन्द्रसेन बौद्ध द्वारा प्रस्तुत दिल्ली एवं आस-पास के उत्तर प्रदेश, हरियाणा की बौद्ध विरासतों पर चर्चा की। मुम्बई विश्व विद्यालय के डॉ. सुनील कामले एवं मंगला कामले ने बौद्ध विरासतें को कैसे संरक्षित किया जाये पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। श्रीलंका के दिलांजा पतिराजा एवं भाग्यविसंघे ने भारत की खंजडीनुमा नृत्य सहित बौद्ध विरासत के रूप् में कैसे संरक्षित किया जाय पर चर्चा की। अभी तक बौद्ध विरासतों को वास्तुकला विज्ञान का आधार मानकर अध्ययन एवं संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। इस आयोजन से यह कमी पूरी होगी। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को एंसिंएट बुद्धिस्म के 12 वें अंक की प्रति भेट की गई।

## बच्चों को आध्यात्म से जोड़ने हेतु गीता जयंती महोत्सव आयोजित



**घट्टिया।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय घट्टिया में सोमवार को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष (शिक्षा समिति अध्यक्ष) डॉ. भगवान सिंह पंवार व सरपंच यशवंत मालवीय थे। मुख्य वक्ता गीता प्रतिष्ठानम उज्जैन जिला संयोजक राजेंद्र उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि गीता जयंती महोत्सव आयोजन बच्चों को शिक्षा के साथ आध्यात्म से जोड़ता है। गीता का ज्ञान हमारे जीवन को सार्थक बनाता है व हमें कर्म प्रधान रहकर जीवन जीना सिखाता है। विशेष अतिथि गीता प्रतिष्ठानम तहसील प्रमुख श्रीधर व्यास थे व अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल सतीजा ने की। संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक अशीष दवे ने किया व आभार माध्यमिक शिक्षक महेश मकवाना ने माना। गीता जयंती अवसर पर सांदीपनी प्राचार्य सुनील नामदेव ने सभी उपस्थित बच्चों को गीता की पुस्तक वितरित की। कार्यक्रम में मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य अनिल केन सहित विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकासखंड घट्टिया के 12 स्कूलों के विद्यार्थियों ने गीता के श्लोक का वाचन किया।

## धर्म का फल सभी चाहते हैं लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता : मुनिश्री



**बड़नगर। धर्म से सुख मिलता है, पाप से दुख ही मिलता है। पुण्य का फल अवश्य ही मिलता है। धर्म का फल सभी चाहते हैं लेकिन धर्म करना कोई नहीं चाहता।**

उक्त विचार मुनि प्रणुतसागर महाराज ने श्री दिगम्बर जैन तेरापंथ मंदिर गांधी चौक के सभागार में प्रवचन के दौरान व्यक्त किये। आपने कहा कि जीवन में सफलता के लिए धर्म, माता-पिता, गुरु व मित्र का बड़ा महत्व है। व्यक्ति के जीवन में पुण्य हैं तो वह सद्बुद्धि से सद् मार्ग पर चलता है। पुण्य का संचय करने से अच्छे लोग धन-दौलत एवं ख्याति मिलती है। कल्याणकारी मित्र का जीवन में बड़ा महत्व है, वह गलत काम से रोकने का प्रयास करता है। सच्चे मित्र के सहयोग से सपने साकार होते हैं मित्र की ताकत से बुढ़ापा बदनाम होने से बचेगा। निरोगी काया है तो सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। स्वस्थ रहकर प्रभु के नाम का स्मरण करना चाहिए। मानव जीवन की प्राप्ति समता के लिए हैं चेहरे पर मुस्कुराहट बनी रहना चाहिए।

सोमवार के प्रवचन शुभारंभ में धर्मेंद्र बिलाला ने गुरुदेव का गुणानुवाद करते हुए मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। विजय गोखरु ने मुनि श्री के चरणों से संपूर्ण उपस्थित जनों की ओर से श्रीफल भेंट किया। प्रवचन में नगरपालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, तेजकुमार शाह, नवीन काला, नरेंद्र शाह, सुशील गोधा आदि उपस्थित थे। संचालन दीपक बिलाला ने किया।

**एक नजर** ▸ **पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा**

## 27 दिसम्बर से प्रारंभ होगी राष्ट्रीय पारम्परिक लाठी खेल प्रतियोगिता




### मेडल प्राप्त खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, देशभर से खिलाड़ी, कोच व रेफ़री शामिल होंगे

**उज्जैन।** महू में आयोजित पारंपरिक लाठी खेल संघ मध्य प्रदेश चैंपियनशिप में उज्जैन सहित इंदौर, महू, रतलाम, आगर मालवा, महिदपुर, नीमच, धार, सतना, कटनी, भोपाल, जबलपुर, बड़वानी सहित प्रदेश भर से अन्य जिले से आये खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल अर्जित किए।

पारंपरिक लाठी खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष विधायक गोलू शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उज्जैन की राष्ट्रीय रेफरी कमीशन की सेकेट्री व राष्ट्रीय जॉइंट सेक्रेटरी रजनी नरवरिया और राष्ट्रीय व प्रदेश के रेफरी टीम ने मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर मऊ की वरिष्ठ समाजसेवी सीमा शमी, बृजेश शमी, समाज सेविका रोमा बजाज, उज्जैन जिले से मीनाक्षी चव्हाण, प्रियांशी नरवरिया, माधुरी व्यास, प्रिया सिंह चौहान, भावना पटेल, दीक्षा नरवरिया, ज्योति झाला, साक्षी चौरसिया, मंथन पाटिल, उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मिथिलेश कैमरे, टूर्नामेंट टेक्निकल डायरेक्टर निखिल बजाज, रितु स्वामी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश के कई अखाड़ों के उस्ताद के साथ साथ कोच भी शामिल हुए।

पारम्परिक लाठी खेल संघ मध्यप्रदेश के सेक्रेटरी मनोज बजाज ने बताया कि मेडल प्राप्त खिलाड़ी उज्जैन मध्यप्रदेश में 27 से 29 दिसम्बर तक होने वाली 6टी राष्ट्रीय पारम्परिक लाठी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। उज्जैन महाकाल की नगरी में होने वाले इस आयोजन में देश भर से खिलाड़ी, कोच व रेफ़री शामिल होंगे।